पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-25 शुक्रवार, दिनांक-30 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.35 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 58 का उत्तर दिनांक 02.04.2012 तक के लिए स्थगित ।

(iii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 78 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री रामदेव महतो
(ii) श्री कन्हैया कुमार
(iii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(iv) श्री ललन राम
(v) श्रीमती लेशी सिंह
(vi) श्रीमती पूनम देवी यादव
(vii) श्री अशोक कुमार सिंह
(viii) श्री जनक सिंह
(ix) श्री कुमार शैलेन्द्र
(x) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(xi) श्री रणविजय कुमार
(xii) श्री कृष्णनन्दन यादव
(xiii) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
(xiv) श्री रामधनी सिंह
(xv) श्री राजकुमार राय

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से संबंधित दिनांक 27.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री उमाकांत यादव एवं अन्य सभासदों के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित दिनांक 27.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार एवं अन्य सभासदों के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से संबंधित दिनांक 28.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 28.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर अगली तिथि के लिए स्थगित हुआ ।

(v) माननीय सदस्य श्री रामधनी सिंह एवं अन्य सभासदों के गृह (विशेष) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अगली तिथि के लिए स्थगित हुआ ।

(vi) माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अगली तिथि के लिए स्थगित हुआ ।

(सभा की बैठक प्रारंभ होते ही माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि अपनी मांग को लेकर वेल में आकर बैठ गई । आसन द्वारा उनसे बार-बार अपने सीट पर जाने का अनुरोध किया जाता रहा, लेकिन वे वेल में बैठी रहीं ।)

[5] निलम्बन :-

वेल में बैठी माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि से आसन द्वारा सीट पर जाने का अनुरोध किया गया, लेकिन वे वेल में बैठी रहीं ।

तत्पश्चात् माननीय संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर सदन की सहमति से माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि को सत्र की शेष अवधि के लिए सदन की सेवा से निलम्बित किया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 6.05 बजे अप० तक ।

[6] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

(i) माननीय सभापति, पर्यटन उद्योग संबंधी समिति, श्री जवाहर प्रसाद द्वारा समिति का तृतीय प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय सभापति, शून्यकाल समिति, श्री अवनीश कुमार सिंह द्वारा समिति का 18वाँ, 19वाँ, 20वाँ एवं 21वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

[7] गैर सरकारी संकल्प :-

(i) 03 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।

(ii) 01 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत ।

(iii) 09 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ ।

(iv) 05 गैर सरकारी संकल्प दिनांक 04 अप्रील, 2012 तक के लिए स्थगित ।

(v) 122 गैर सरकारी संकल्प वापस ।

(गैर सरकारी संकल्प संख्या-09 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यासी सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने आसन ग्रहण किया ।)

गैर सरकारी संकल्प संख्या 66 के निस्तारण के दौरान माननीय संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सदन द्वारा सदन की अवधि का विस्तार आज के कार्यों के निष्पादन तक किया गया ।

(गैर सरकारी संकल्प सं०-69 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[8] सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :-

(i) माननीय सभापति, लोक लेखा समिति, श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का 478वाँ प्रतिवेदन को सदन पटल पर रखा गया ।

[9] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 40 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तत्पश्चात सदन की बैठक सोमवार, दिनांक 02 अप्रील, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-30.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।